(ख) खान मुहानों पर कोयले को एकत्रित होने से रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों में उपभोक्ताओं को रेल तथा सड़क द्वारा कोयले के प्रेषण में वृद्धि किए जाने संबंधी प्रयास शामिल हैं। ऐसी कोलियरियों जहां कोयले का भंडार काफी एकत्रित हो गया है, में "खुली बिक्री" की व्यवस्था की गई है और अचल भंडारों का निविदा आमंत्रित करके बड़ी मात्रा में बिक्री की जाती है। जहां तक वास्तविक उपभोक्ताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों का संबंध है, उनके द्वारा कोयले की जमाखोरी किए जाने के संबंध में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है।

इंडियन एयरलाइंस द्वारा भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति

741. श्री विश्वासराव रामराव पाटिल: क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान इंडियन एयरलाइन्स व ट्रेफिक सहायक, प्रचालन सहायक, कार्यालय सहायक और अन्य लिपिकीय संवर्गों में संवर्ग चार के कितने-कितने भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति की है ; और

(ख) भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित कितने पद अभी भी रिक्त पड़े हुए हैं तथा सरकार इन पदों को कब तक भरने का विचार रखती है ?

ऊर्जा मंत्री साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ़ मोहम्मद खान) : (क) पिछले तीन वर्षों में इंडियन एयरलाइन्स में निम्नलिखित श्रेणीवार विभिन्न लिपिकीय संवर्गों में भर्ती किये गये भूतपूर्व सैनिकों की संख्या इस प्रकार है :

श्रेणी	भर्ती किये भूतपूर्व सैनिकों की संख्या
सुरक्षा सहायक	14
यातायात सहायक	2
कार्यालय सहायक	84
लेखा सहायक	2
भंडार और आपूर्ति सहायक	2
कुल :	104

(ख) इंडियन एयरलाइन्स में भूतपूर्व सैनिकों के लिए 61 रिक्तियां आरक्षित हैं। उम्मीदवारों को पात्रता/उपयुक्तता के आधार पर इन्हें भरने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

Rural electrification in Andhra Pradesh

742. SHRI TALARI MANOHAR: Will the Minister of ENERGY be pleased to state the target of rural electrification in Andhra Pradesh and how many villages in the State are likely to be provided with electricity during the year 1990-91?

THE MINISTER OF ENERGY WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI ARIF MOHD. KHAN): As per available information, the State of Andhra Pradesh has achieved cent percent electrification of villages as per 1981 Census by the end of March, 1990. However, 250 villages have been targetted for conversion from Solar Photovoltic Panels to electrification from the Conventional Grid during 1990-91.

Opening of primary health centres

743. SHRI TLARI MANOHAR: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state the number of primary health Centres proposed to be opened in the country during the current vear. State-wise?